epaper
हिन्दुस्तान

20 फीसदी तक उत्पादन बढ़ाएंगी कार कंपनियां

21/02/2022

नई दिल्ली। कोरोना महामारी के कारण वैश्विक स्तर पर पैदा हुए चिप संकट में अब धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। इसको देखते हुए घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों ने मार्च तिमाही में यात्री वाहनों के उत्पादन में 18 से 20 फीसदी की तेजी लाने की योजना बनाई है।

विश्लेषकों और आपूर्तिकर्ताओं का अनुमान है कि यदि कंपनियां अपनी योजना में सफल होती हैं तो यात्री वाहनों का उत्पादन वित्त वर्ष 2020 की चौथी तिमाही या प्री-कोविड स्तर से ज्यादा हो जाएगा । एक उपकरण निर्माता कंपनी के शीर्ष अधिकारी के मुताबिक, कंपनियां जोर-शोर से लगी हुई हैं, लेकिन उत्पादन लक्ष्य में 10 से 15 फीसदी की कमी रह सकती है।